सुरक्षित हम सुरक्षित तुम अभियान

स्वस्थ बसेरा, मेरे अपनों का और मेरा

कोविड-१९ के अनुरूप व्यवहार

Location:-

Piramal Foundation

aspirational districts collaborative
संकल्प • सेवा • समाधान

NITI Aayog

आधारभूत विवरण

विषय रूपरेखा: कोविड-१९ के अनुरूप व्यवहार

कॉलर: स्वयंसेवक द्वारा नागरिक को

अवधि: लगभग १० मिनट

संदर्भ:
कोविड -१९ के मरीज के घर पर होने पर घर वालों को किस तरह व्यवहार करना चाहिए

संरचना

नमस्ते मेरा नाम .... है, मैं .... से बोल रहा हूँ, आप कैसे है?
मैं आज आपसे परिवार में किसी के कोरोना संक्रमित हो जाने पर संक्रमित व्यक्ति और उसके परिवार को किस तरह का व्यवहार करना चाहिए, उसके विषय में कुछ जानकारी देना चाहता हूँ|
क्या आपसे बात करने का सही समय है?
मैं यहाँ आपकी सहायता के लिए हूँ, अगर आपको कोई सहायता चाहिए तो मुझे बताइए|

परिस्थिति १ : कोरोना संक्रमित व्यक्ति का घर पर व्यवहार
स्वयंसेवक कोरोना से संक्रमित व्यक्ति को क्या व्यवहार करना चाहिए इसकी जानकारी दे |

१. संक्रमित व्यक्ति सबसे अलग एकाकी रहे, जिससे की वो दूसरों को संक्रमित ना करे |
२. विशेष परिस्थिति में अगर किसी के पास जाना ही पड़े तो मास्क पहने और शारीरिक दूरी बना कर रखे |
३. कोई भी बदलाव या परेशानी होने पर तुरंत परिवारजनों को बताये
४. सादा और पौष्टिक भोजन करें |
५. अपने हाथों को नियमित अंतराल में धोता रहे और आस पास कि वस्तुओं के कम से कम स्पर्श करे |
६. अपनी दवाएं निर्धारित समय पर लेते रहें |
७. साकारात्मक सोच बनाये रखें |

स्वयंसेवक ये पूछे कि क्या संक्रमित व्यक्ति ये व्यवहार करता है या नही, नहीं होने की दशा में वो इसे करने के लिए प्रेरित करे और ये बताये कि ये घर के दुसरे सदस्यों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है

परिस्थित २: घर में कोरोना संक्रमित व्यक्ति होने पर अन्य लोगों का व्यवहार
स्वयंसेवक घर के व्यक्तियों को ये बताये कि यदि घर में कोई कोरोना संक्रमित व्यक्ति है तो बाकि लोगों को कैसे व्यवहार करना चाहिए

१. सभी व्यक्ति मास्क पहने रहे और संक्रमित व्यक्ति से ना मिलें |
२. घर का कोई एक सदस्य ही संक्रमित व्यक्ति के देखभाल की जिम्मेदारी ले |
३. संक्रमित व्यक्ति के प्रयोग की चीजे अलग कर दी जाए |

४. संक्रमित व्यक्ति से बात करते रहें और उसके स्वास्थ की जानकारी लेते रहें |
५. कोई भी खतरनाक लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सीय सहायता ले |
६. डॉक्टर की सलाह के अनुसार ही चलें और खुद कोई इलाज ना करें |
७. ये सुनिश्चित करें की संक्रमित व्यक्ति अपनी दवाएं सुचारू रूप से ले रहा है |
८. घर के व्यक्ति ना किसी से मिलें और ना ही किसी को घर आने दें |
९. अफवाहों पर ध्यान ना दें और घर में सकारात्मक माहौल बनाये रखें |

स्वयंसेवक ये प्रश्न करे की ये व्यवहार किये जा रहें हैं या नहीं और नही की दशा में इनको करने के लिए प्रेरित करे

स्वयंसेवक को कॉल समाप्त करने से पहले, यह ज़रूर देख लेना चाहिए कि, उस परिवार को कोई अन्य कोरोना सम्बंधित समस्या तो नहीं है, और अगर है तो उससे सम्बंधित जानकारी देनी चाहिए |

क्या आपको कोई भी अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्या है? या, क्या आपको हमसे कोई मदद चाहिए?

आप उनको डॉक्टर द्वारा दी गई सलाह या दवा को जारी रखने को कहें, और अगली कॉल में उनकी स्थिति की जाँच करें|

अ. राष्ट्रीय सहायता हेल्पलाइन नंबर 1075 या स्थानीय हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें ।
ब. व्यक्ति के निवास स्थान के बारे में पता लगाएं, और नज़दीकी अस्पताल में संपर्क करें।
स. यह ज़रूर देख लें कि उस अस्पताल में कोविड-19 का इलाज होता है या नहीं।
द. पहले की स्वास्थ्य समस्याओं के लिए अगर किसी जाँच की आवश्यकता हो तो उसके लिए उपाय बताएं।

सुरक्षित हम सुरक्षित तुम अभियान

स्वस्थ बसेरा, मेरे अपनों का और मेरा

Contact Details: